# कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

## आदेश

02/नि॰ स्था॰ (विविध–12) – 43/19, पार्ट–1

माननीय उच्च न्यायालय, पटना के एल॰पी॰ए॰ संख्या–1489/2011 एवं सिविल रिभ्यू संख्या–344/2016 तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा एस॰एल॰पी॰ संख्या–32079/2015 में पारित आदेश के अनुपालन में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के संकल्प संख्या 945 दिनांक 27.04.2017 द्वारा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत भूतपूर्व अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों को शिक्षा विभाग सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अधीन समूह "घ" के रिक्त पदो के विरूद्ध नई नियुक्ति के माध्यम से समायोजन हेतु लिए गए निर्णय के आलोक में निदेशक, जन शिक्षा–सह–अपर सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के विभिन्न पत्रों द्वारा सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन कार्यालय परिचारी (समूह 'घ') के रिक्त पद पर नई नियुक्ति के माध्यम से समायोजन हेतु पूर्व अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों की सूची उपलब्ध करायी गई है।

2॰ अतः शिक्षा विभाग के उपरोक्त वर्णित संकल्प द्वारा निर्धारित शर्त्तों यथा जिनकी सेवानिवृति की आयु शेष है, दिनांक 26.02.2016 तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर वाद में स्पष्ट Petitioner होने तथा लगातार तीन वर्षो तक अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशक के रुप में कार्यरत रहने संबंधी शर्त्तों को पूरा करने वाले निम्नांकित भूतपूर्व अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों की शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के संकल्प संख्या 945 दिनांक 27.04.2017 की कंडिका–'घ' के आलोक में नियुक्ति हेतु अधिकतम उम्र सीमा क्षांत करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 2082 दिनांक 01.04.2003 तथा पत्र संख्या 1859 दिनांक 08.07.2006 में निहित निदेशों के अनुरूप, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यालय परिचारी, वेतन स्तर–1 (18000–56900/–) के रिक्त पद पर निम्नांकित शर्त्तों के अधीन अस्थायी रुप से नियुक्त करते हुए समायोजित किया जाता है तथा उनके नाम के समक्ष कॉलम–7 में अंकित कार्यालय में पदस्थापित किया जाता है :–

| क्र॰ | शिक्षा विभाग का पत्रांक/दिनांक एवं अनुशंसा सूची क्रमांक | नाम | पिता का नाम | जन्मतिथि | स्थायी पता | पदस्थापन कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1065/21.06.23<br>BC-02-01 | संजू केसरी | दशरथ साह | **01/07/1980** | ग्राम–मंगलपुर पो॰–बहेरी थाना–सिकटा जिला–पश्चिमी चम्पारण<br>पिन कोड–845307 | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, झंझारपुर अंचल, झंझारपुर |

3॰ यह नियुक्ति उपरोक्त भूतपूर्व अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों द्वारा समर्पित शपथ–पत्र एवं सत्यापन प्रपत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर इस शर्त्त पर की जा रही है कि भविष्य में चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन/शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य संगत प्रमाण–पत्र के संबंध में गलत सूचना या प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उनकी सेवा तत्काल समाप्त कर दी जाएगी एवं भुगतान की गई राशि एक मुस्त वसूल करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

4॰ सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक 1637 दिनांक 03.12.2019 के आलोक में जिन अभ्यर्थियों की नियुक्ति आरक्षित कोटि का पद रिक्त नहीं रहने के कारण UR कोटि के रिक्त पद के विरुद्ध की जा रही है, के संबंध में नियुक्ति की कार्रवाई माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु एवं इसे पूर्वोदाहरण नहीं माने जाने की शर्त्त पर एकबारगी उपाय (One time measure) के रुप में किया जा रहा है तथा भविष्य में संबंधित आरक्षित कोटि में रिक्तियाँ प्राप्त होने पर इस UR कोटि को समायोजन हेतु उपलब्ध करा दिया जायेगा।

5॰ इन्हें सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग) द्वारा निर्गत संकल्प संख्या 1919 दिनांक 18.01.76 के अनुपालन में दहेज न लेने–देने संबंधी घोषणा–पत्र एवं बिहार सेवा संहिता के

नियम–52 के अन्तर्गत असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा प्रदत्त अपने स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र के साथ पदस्थापन कार्यालय में 30 दिनों के अन्दर अपना योगदान समर्पित करना होगा।

6. यह नियुक्ति पदस्थापन कार्यालय में इनके योगदान की तिथि से प्रभावी होगी।

7. शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के संकल्प संख्या 945 दिनांक 27.04.2017 तथा वित्त विभाग के संकल्प संख्या 1964 दिनांक 21.08.2005 एवं 768 पे.को., दिनांक 03.07.2007 के अनुसार इन नव नियुक्त कर्मियों पर नई अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी तथा पूर्व की सेवा के आधार पर पुरानी पेंशन योजना का लाभ अनुमान्य नहीं किया जायेगा।

8. सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग) द्वारा निर्गत संकल्प संख्या 2082 दिनांक 01.04.2003 के निदेशानुसार नियुक्ति–पत्र की अभ्यर्थी एवं पदस्थापन कार्यालय प्रधान हेतु निर्गत प्रति के साथ परिशिष्ट–1 में अभ्यर्थी का अभिप्रमाणित फोटो के साथ विवरण संलग्न है। उक्त फोटो युक्त नियुक्ति–पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर योगदान स्वीकृत नहीं किया जाएगा। साथ ही, योगदान स्वीकार करने वाले पदाधिकारी प्रथम दृष्ट्या नियुक्ति–पत्र से संतुष्ट हो जाने पर इनका योगदान तीन माह के लिए औपबंधिक रूप से स्वीकार करेंगे और इस कार्यालय से नियुक्ति–पत्र की सम्पुष्टि करा लेंगे। तीन माह की अवधि के अन्दर यह संपुष्टि पूर्ण नहीं होती है, तो सम्बन्धित नव नियुक्त कर्मी के वेतन की निकासी तब तक नहीं की जाएगी जब तक नियुक्ति की सम्पुष्टि नहीं हो जाती है।

9. अभ्यर्थियों को नियुक्तिपत्र प्राप्त करने/योगदान हेतु पदस्थापित स्थान पर आने–जाने के लिए कोई यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

23/7/25

(अंशुल अग्रवाल)
निबंधक, सहयोग समितियाँ,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक 6483 /पटना, दिनांक 24-07-2025

02/नि. स्था. (विविध–12) – 43/19 पार्ट–1

प्रतिलिपि :– ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को राज–पत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि इसकी 20 (बीस) मुद्रित अतिरिक्त प्रतियाँ इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

23/7/25

निबंधक, सहयोग समितियाँ,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक 6483 /पटना, दिनांक 24.07.2025

02/नि. स्था. (विविध–12) – 43/19, पार्ट–01

प्रतिलिपि :– महालेखाकार, बिहार, पटना/नवनियुक्त कार्यालय परिचारी/सभी प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक (अंकेक्षण सहित)/सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी/सभी जिला अंकेक्षण पदाधिकारी/सभी उप–मुख्य अंकेक्षक/सभी सहायक निबंधक/सभी कोषागार एवं उप–कोषागार पदाधिकारी/सभी जिला पदाधिकारी/निदेशक, जन शिक्षा–सह–अपर सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग, बिहार, पटना/सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, सभी प्रशाखा, कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/विभागीय आई.टी.मैनेजर (विभागीय वेव साईट पर अपलोड हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/7/25

निबंधक, सहयोग समितियाँ,
बिहार, पटना।

# नियुक्ति–पत्र का परिशिष्ट–01

| | | |
|---|---|---|
| 1. कार्यालय–निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना का नियुक्ति आदेश ज्ञापांक 6483 दिनांक 24.07.2025 का क्रम संख्या | – | **01** |
| 2. शिक्षा विभाग का पत्रांक / दिनांक द्वारा अनुशंसित सूची का क्रम संख्या | – | 1065/21.06.23<br>BC-02-01 |
| 3. नाम | – | संजू केसरी |
| 4. जन्मतिथि | – | 01/07/1980 |
| 5. पिता / ~~पति~~–का नाम | – | दशरथ साह |
| 6. स्थायी पता | – | ग्राम–मंगलपुर पो.–बहेरी<br>थाना–सिकटा जिला–पश्चिमी चम्पारण<br>पिन कोड–845307 |
| 7. पदस्थापन कार्यालय | – | सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, झंझारपुर अंचल, झंझारपुर। |
| 8. सत्यापित फोटो | – |  |



24/7/25

(भरत कुमार)
संयुक्त निबंधक,
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।